an>

Title: Need to develop Kampil and Sankisa in Farrukhabad Parliamentary Constituency of Uttar Pradesh as religious tourist places.

श्री मुकेश राजपूत (फरूखाबाद) : महोदय, मुझे आपने शून्यकाल में बोलने का मौका दिया, इसके लिए आपको धन्यवाद देता हूं। मैं फरूखाबाद संसदीय क्षेत्र से आता हूं। हमारे यहां एक कम्पिल तीर्थ स्थली है, वहां आज तक कोई भी विकास कार्य नहीं हुआ है। यह जैन भगवान बिमल नाथ जी के गर्भ, जन्म, दीक्षा और केवल ज्ञान का प्रतीक है। इसलिए मेरा निवेदन है कि इस जगह को पर्यटन स्थल में घोषित किया जाए।

दूसरा हमारे यहां संकिसा स्थान है। जहां भगवान बुद्ध अवतरित हुए थे। यह बौद्ध अंतर्राष्ट्रीय सर्किल में आठवां स्थान रखता है। केवल हिंदुस्तान से नहीं बल्कि पूरे विश्व से लगभग सौ देशों के बौद्ध अनुयायी आते हैं। उनके लिए आवागमन का कोई विशेष साधन नहीं है। मेरा आपसे अनुरोध है कि उक्त दौनों पर्यटन स्थलों को धार्मिक पर्यटन नगरी के रूप में घोषित करें जिससे वहां के रास्ते ठीक हो जाएंगे। वहां रेल व्यवस्था नहीं है।